# नोबेल पुरस्कार - 2020

## (1) फिजिक्स के क्षेत्र मे नोबेल पुरस्कार —

फिजिक्स मे नोबेल पुरस्कार 2020 दिया गया है इसमे आधा रोजर पेनरोज (Roger Penrose) को और दूसरा आधा संयुक्त रूप से रैइनहार्ड जेनजेल (Reinhard Genzal) और एंड्रिया घेज (Andrea Ghez) को ब्लैक होल (Black Holl) के बारे में इनकी खोजो के लिए दिया गया है। (महिला)

इसके बारे में → रोजर पेनरोज ने अपने प्रमाण मे सरल गणीतीय तरीको का इस्तेमाल किया और सिद्ध (Prove) किया कि ब्लैक होल अल्बर्ट आइंस्टीन के सापेक्षता के सिद्धांत का प्रत्यक्ष परिणाम है।

→ आइंस्टीन को यह विश्वास नही किया था कि ब्लैक होल वास्तव मे मौजूद है ये सुपर - हैवीवेट मान्स्टर (अत्यधिक भारी) है जो इन सभी चीजो को अपने मे समा लेते है जो इनमे प्रवेश करता है इनमे से कुछ भी नही निकल सकता, - प्रकाश भी नही।

→ रैइनहार्ड जेनजेल और एंड्रिया घेज प्रत्येक ने खगोलविदो के एक समूह का नेतृत्व किया और इन्होने अपना ध्यान हमारी आकाशगंगा के केन्द्र मे धनु ए स्टार नामक क्षेत्र पर केन्द्रित किया. 1990 के दशक की शुरुआत से खगोलविदो का ध्यान इस क्षेत्र पर केन्द्रित है।

→ इनके कुशल काम ने हमे मिल्की वे के केन्द्र मे एक सुपरमैसिव (बहुत भारी) ब्लैक होल के होने के अभी तक के सबसे ठोस सबूत दिए है।

## (2) चिकित्सा के क्षेत्र मे नोबेल पुरस्कार —

हेपेटाइटिस (Hepatitis) सी वायरस की खोज के लिए अमेरिकियों हार्वे जे ऑल्टर (Harvey J. Alter) और चार्ल्स एम राइस (Charles M. Rice) और ब्रिटिश वैज्ञानिक माइकल हयूटन (michael Houghton) को चिकित्सा या फिजियोलॉजी के लिए नोबेल पुरस्कार के लिए चुना गया है।

इसके बारे मे — WHO का अनुमान है कि दुनिया भर मे हेपेटाइटिस के 70 मिलियन से अधिक मामले है और हर साल चार लाख से अधिक मौतें होती है ये बीमारी पुरानी है और यकृत की सूजन और कैंसर का एक प्रमुख कारण है।

## ③ साहित्य के लिए नोबेल पुरस्कार –

साहित्य के लिए 2020 का नोबल पुरस्कार अमेरिकी कवयित्री लुईस ग्लक (Louise Gluck) को दिया गया है।

इसके बारे में – अकादमी ने कहा कि 77 वर्षीया सुश्री ग्लक को उनकी अचूक काव्यात्मक आवाज के लिए सम्मानित किया गया जो कि सुंदरता के साथ व्यक्तिगत अस्तित्व को सार्वभौमिक बनाती है।

→ येल (Yale) विश्वविद्यालय में प्रोफेसर ग्लक (Glück) ने 1968 में 'फर्स्टबोर्न' शीर्षक से अपने संग्रह की शुरूआत की थी

→ इन्होंने 1993 में अपने संग्रह "द वाइल्ड आइरिस" के लिए पुलित्जर पुरस्कार जीता था और 2014 में अपने संग्रह 'Faithful and Virtuous Night' के लिए नेशनल बुक अवार्ड जीता था।

→ वह पिछले दशक में नोबेल साहित्य पुरस्कार जीतने वाली चौथी महिला (अन्य तीन महिलाएं ओल्गा टोकार्चुक, स्वेतलाना अलेक्सिविच, और एलिस मुनरो) है 1901 (पहली बार) से दिए जा रहे नोबेल पुरस्कार को प्राप्त करने वाली वह 16 वी महिला है।

Imp Important Info – अब तक दो नोबेल पुरस्कार जीतने वाली एकमात्र महिला मैडम क्यूरी है जिन्होंने रसायन विज्ञान एवं भौतिक विज्ञान में नोबेल पुरस्कार जीता है।

## ④ रसायन विज्ञान के लिए नोबेल पुरस्कार –

फ्रांस के इमैनुएल शार्पेंचीयर और अमेरिकी के जेनिफर ए० डोडना ने जीन-एडिटिंग तकनीक के लिए नोबेल कैमिस्ट्री प्राइज जीता, जिसे CRISPR-Cas9 DNA Sniping ~~"सीजर्स"~~ "सीजर्स" के रूप में जाना जाता है। पहली बार एक नोबेल विज्ञान पुरस्कार एक ~~बी~~ महिला-केवल टीम को गया है।

इसके बारे में → शार्पेंचीयर, 51 और डोडना, 56 रसायन विज्ञान में नोबेल पुरस्कार प्राप्त करने वाली सिर्फ छठी और सातवी महिला है।

→ टूल का उपयोग करके "शोधकर्ता जानवरों पौधो और सूक्ष्मजीवों के डीएनए को अत्यधिक उच्च परिशुद्धता के साथ बदल सकते है।

→ CRISPR-Cas9 टूल पहले से ही फसल लचीलेपन में महत्वपूर्ण लाभ में योगदान देते है सूखे और कीडो का बेहतर सामना करने के लिए इनके आनुवांशिक कोड को बदल सकते है।

→ प्रौद्योगिकी ने अभिनव कैंसर उपचारो का भी नेतृत्व किया है और कई विशेषज्ञो को उम्मीद है कि यह एक दिन जीन हेर-फेर के माध्यम से आनुवांशिक बीमारियों को ठीक कर सकता है।

⑤ नोबेल शांति पुरस्कार - 2020 — नॉर्वेजियन नोबेल कमेटी ने भूख से निपटने के प्रयासो के लिए विश्व खाद्य कार्यक्रम (WFP) को 2020 के लिए नोबेल शांति पुरस्कार देने का फैसला किया है।

* इसके बारे मे → WFP संयुक्त राष्ट्र (UN) की खाद्य-सहायता शाखा है और यह दुनिया का सबसे बड़ा मानवीय संगठन है जो भूख और खाद्य सुरक्षा पर केंद्रित है।

→ 1961 मे स्थापित हुआ था इसका मुख्यालय रोम मे है।

→ 2019 मे WFP ने 88 देशो मे करीब 100 mn लोगो को सहायता प्रदान की जो तीव्र खाद्य असुरक्षा और भूख के शिकार है।

⑥ अर्थशास्त्र में नोबेल पुरस्कार - 2020 दो अमेरिकी अर्थशास्त्रियो पॉल आर मिल्ग्रोम (Paul R. Milgrom) और रॉबर्ट बी विल्सन (Robort B Wilsion) ने संयुक्त रूप से अर्थशास्त्र मे इस साल का नोबेल पुरस्कार जीता दोनो अर्थशास्त्री कैलिफोर्निया मे स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय से संबंधित है।

* इसके बारे मे - पॉल मिल्ग्रोम और रॉबर्ट विल्सन को नीलामी के सिद्धांत मे सुधार और नए नीलामी प्रारूपो के आविष्कारों के लिए अर्थशास्त्र मे नोबेल पुरस्कार के लिए चुना गया था।

→ नए नीलामी प्रारूप इस बात का एक सुंदर उदाहरण है कि बुनियादी अनुसंधान समाज को लाभ पहुचाने वाले आविष्कार कैसे उत्पन्न कर सकते है। इस उदाहरण की असामान्य विशेषता यह है कि इन्ही लोगो ने सिद्धांत और व्यवहारिक अनुप्रयोगो दोनो का विकास किया है।

→ इसे तकनीकि रूप से आर्थिक विज्ञान मे Sveriges Riksbank पुरस्कार के रूप मे जाना जाता है यह पुरस्कार 1969 मे अल्फ्रेड नोबेल की स्मृति मे स्थापित किया गया था अब इसे व्यापक रूप से नोबेल पुरस्कारो मे से एक माना जाता है।

Important Info - डायनामाइट के आविष्कारक अल्फ्रेड नोबेल की अंतिम इच्छा पर आधारित ये पुरस्कार नोबेल फाउन्डेशन स्वीडन द्वारा प्रतिवर्ष 1901 से दिया जा रहा है। इस साल इसकी पुरस्कृत राशि 10 मिलीयन क्राउन है।

→ प्रथम भारतीय एवं (एशिया महाद्वीप के भी) नोबेल पुरस्कार विजेता रवींद्र नाथ टैगोर थे जिन्हे साहित्य के क्षेत्र मे 1913 मे मिला था।